छात्र कार्यकारिणी द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन

"परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।"

आज दिनांक 4 फरवरी 2020 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय पटेल नगर भोपाल में प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग की छात्र कार्यकारिणी द्वारा प्रार्थना सभा आयोजित की गई। जिसका विषय 'परीक्षा की तैयारी कैसे करें ' था।

छात्र परिषद द्वारा समस्त विद्यार्थियों को अगामी परीक्षा के लिए तैयारी करने के लिए अनेक बिन्दुओं की ओर संकेत किया गया। जिनमें अपने लक्ष्य की साधना, निश्चित समय सारणी ,सुनिश्चित दिनचर्या एवं लिखित अभ्यास पर बल देने को कहा गया उन्होंने कहा कि परीक्षा की अवधि में अपने खान–पान का विशेष ध्यान रखें। पोषक आहार ही लें एवं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ईश्वर का स्मरण एवं बड़ों का आर्शीवाद लेकर एकचित होकर अध्ययन पर विशेष ध्यान दें। इस प्रकार प्रार्थना गीत, नेतृत्व गीत के साथ प्रार्थना सभा का समापन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के ने समस्त विद्यार्थियों को सुनियोजित तैयारी करने एवं अपने लक्ष्य की ओर ध्यान केन्द्रित करने को कहा साथ ही उन्होंने समस्त विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ प्रेषित की।